

## एक नजर में

### पिछले 24 घंटों में किसी भी तहसील में नहीं हुई वर्षा दर्ज

**खंडवा ।** पिछले चौबीस घंटों में खंडवा जिले की किसी भी तहसील में वर्षा दर्ज नहीं की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष 24 जुलाई तक जिले में 350 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी थी, जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 232.4 मिली मीटर औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 242 मिली मीटर, हरसूद तहसील में 233 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 162 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 207 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 318 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

### कृषि अवसंरचना निधि योजना की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तरीय निगरानी समिति गठित

**खंडवा ।** कृषि अवसंरचना निधि योजना की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। इस समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उपाध्यक्ष के रूप में तथा उप संचालक, कृषि सदस्य सचिव के रूप में शामिल किए गए हैं। समिति में सदस्य के रूप में जिला पंजीयक सहकारिता एवं सहकारी संस्थाए, उप संचालक, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,उप संचालक,पशुपालन विभाग,महाप्रबंधक,एम.पी. इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कार्पोरेशन, जिला प्रबंधक, म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सहायक संचालक मत्स्य विभाग, लीड जिला प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक, जिला विकास प्रबंधक राष्ट्रीय कृषि ग्रामीण बैंक को शामिल किया गया है।

### 1 से 29 अगस्त तक आयोजित होंगे जांच शिविर

**खंडवा ।** मोतियाबिंद हितग्राहियों के ऑपरेशन के लिए मरीजों को चिन्हित करने के लिए शंकरा आई सेन्टर व चौइथराम फाउण्डेशन ट्रस्ट इन्दौर द्वारा खंडवा जिले में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ये शिविर 1 अगस्त को सुलगांव व अटूटखास, 4 को खालवा व मूंदी, 12 को हरसूद व पुनासा, 18 को जावर व सहेजला, 20 को पंधाना व धनगांव, 25 को बड़गांव गुर्जर व कोहदड़, 28 को छैगांवमाखन व चिचगोहन, 29 को गुड़ी व संेधवाल में शंकरा आई सेंटर इन्दौर तथा 4 अगस्त को बरुड (हरसूद) व रोशनी, 5 को बोरगांव बुजुर्ग व बगमार, 6 को जावर व खण्डवा विजन सेंटर, 12 को पंधाना, 13 को छैगांवमाखन, 18 को धनगांव व चिचगोहन, 20 अगस्त को खालवा व खण्डवा विजन सेंटर, 22 को किल्लौद व पुनासा, 25 को हरसूद व बोरीसराय, 28 को मूंदी, 29 अगस्त को सिंगोट व गुड़ीखेड़ा में चौइथराम फाउण्डेशन ट्रस्ट इंदौर द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन कर मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी। साथ ही निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए नेत्र रोगियों का चयन किया जायेगा।

### ग्राम नागचून को नगर सीमा में शामिल करने हेतु समिति द्वारा जनसंवाद बैठक आयोजित



**खंडवा ।** खंडवा नगर पालिक निगम द्वारा ग्राम नागचून को खंडवा नगर सीमा में सम्मिलित किए जाने के उद्देश्य से गठित समिति की बैठक ग्राम नागचून में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त एस.आर. सिटोले द्वारा की गई। इस अवसर पर समिति सदस्य राधेश्याम उपाध्याय,प्रकाश राजपूत ,संजय शुक्ला, गोपाल चौहान,प्रकाश राजपूत,अशोक तारे,हरीश दुबे एवं भरत मेहना भी उपस्थित रहे। ग्राम नागचून में आयोजित इस बैठक में ग्राम सरपंच स्वास्तिक चौरे के साथ कैलाश कनाड़े, धीरज राजपूत,रोहित ठाकरे,महेन्द्र धाकड़े एवं सरदार घीसाजी सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी ग्रामवासियों को यह जानकारी दी गई कि ग्राम को नगरीय सीमा में सम्मिलित किए जाने पर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना, जल कनेक्शन, शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण सुविधा तथा घर-घर कचरा कलेक्शन जैसी मूलभूत शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि जब ग्राम की सीमाएं नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित होंगी, तब मकान, प्लॉट, कृषि भूमि जैसी स्थायी संपत्तियों के मूल्य में वृद्धि होगी, जिससे ग्रामवासियों को सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। बैठक में ग्रामवासियों ने इस प्रस्ताव को लेकर रुचि और सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### सहकारी समितियों के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण एवं अपीलीय अधिकारी नियुक्त

**खंडवा ।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन पदाधिकारी एम.बी. ओझा ने निमाड़ प्याज उत्पादन एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति मर्यादित खारकला के संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से सहकारिता निरीक्षक अमित अलावे को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील प्राप्त करने और अपील का निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के लिए उपायुक्त सहकारिता जिला खंडवा को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा प्रेरणा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित खंडवा के संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक भागवती मोरे को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील प्राप्त करने और अपील का निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के लिए उपायुक्त सहकारिता जिला खंडवा को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है।

### आईटीआई में प्रवेश निरंतर जारी

**खंडवा ।** जिले में स्थित शासकीय आईटीआई खण्डवा, महिला खण्डवा, मूंदी, नर्मदानगर,खेडी,भगवानपुरा किल्लौद एवं पंधाना में संचालित एनसीवीटी व एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर से अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों कियोस्क सेंटर से पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी 26 जुलाई से 1 अगस्त तक नवीन रजिस्ट्रेशन व रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार या च्वाईस फिलिंग व च्वाईस फिलिंग में च्वाईस लॉक करने से पूर्व तक त्रुटि सुधार कर सकते हैं। आवेदक नवीन रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार या च्वाईस फिलिंग में त्रुटि सुधार के लिए नजदीकी आईटीआई के हेल्पडेस्क पर संपर्क कर सकते हैं।

### 7 दिनों की अवधि में प्रति व्यक्ति 1.50 लाख रू. तक के उपचार की सुविधा

**खंडवा ।** प्रदेश सरकार ने सड़क दुर्घटना के घायलों के लिये नगदी रहित उपचार योजना शुरू की है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिये परिवहन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देशों में बताया गया है कि सड़क दुर्घटना प्रकरणों में जहाँ दोषी मोटरयान के पास वैध तृतीय पक्ष बीमा कव्हरेज था, उसका भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा साधारण बीमा कम्पनियों के सहयोग से बनाये गये फण्ड से स्टेट हेल्थ एजेंसी द्वारा अस्पताल के दावे को मंजूरी दिये जाने के 10 दिनों की समयावधि में जिला कलेक्टर्स के अनुमोदन से जिला स्तर पर ही केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित फण्ड से किया जायेगा। इस योजना में अस्पताल से दुर्घटना तारीख से अधिकतम 7 दिनों की अवधि में प्रति व्यक्ति के लिये 1.50 लाख रूपये तक के उपचार की व्यवस्था है। दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति या उसका परिवार दुर्घटना का विवरण हेल्पलाइन नम्बर 112 में खबर दे सकता है। परिवहन सचिव द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि योजना के क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर किसी अधीनस्थ अधिकारी को जिम्मेदारी दें और इसकी नियमित मॉनीटरिंग जिला स्तर पर की जाये। संभागायुक्तों को भी निर्देश दिये गये हैं कि इस महत्वपूर्ण योजना की गतिविधियों की नियमित मॉनीटरिंग संभाग स्तर पर भी की जाये।

### नगर निगम की राजस्व वसूली कार्रवाई

**खंडवा ।** नगर निगम द्वारा सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में लंबित राजस्व वसूली के संबंध में प्रभावी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई उपायुक्त एसआर. सिटोले के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें राजस्व अधिकारी प्रकाश राजपूत तथा राजस्व विभाग की टीम से हरीश दुबे एवं अभिषेक तिवारी उपस्थित रहे। वसूली कार्यवाही के दौरान संपत्तिकर के रूप में 6 लाख सहित कुल 9.49 लाख की बकाया राजस्व राशि जमा कराई गई। यह राशि नगर निगम के राजस्व विभाग के निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जो निगम की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय उपलब्धि है।

# खंडवा में कोरकू समाज के पुराने कब्जेधारियों ने सड़कों पर दिखाई ताकत




नवभारत न्यूज

**खंडवा। जंगलों के अस्तित्व और कब्जे को लेकर आदिवासी समाज सड़क पर उतर आया। जंगल बचाओ संघर्ष समिति ने खंडवा में बोरखेड़ा और गुड़ी तथा आमा खजूरी जैसे क्षेत्र के कोरकू जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी रैली निकाली और ज्ञापन सौंपा।**

#### ये लगाए आरोप

उन्होंने चेतावनी दी है कि जंगल का क्षेत्र उनका है। बाहर से आए लोग एन वक्त पर पट्टा लेने की जुगत में हैं। उन्होंने जंगल काटकर कब्जा भी कर लिया है। उनका आरोप है कि दिल्ली से जो समिति बनाई गई है, वह भी जांच करने आ रही है, जो सरासर कोरकू समाज के साथ ठीक नहीं है।

कोरकू लोग के पांच पंचायतें उनसे भरी हुई हैं। लेकिन जंगल काटकर नवाड़ बनाने और पट्टा लेने के लिए वे भरपूर कोशिश कर रहे हैं।

#### जमीनी सत्यापन करें

कोरकू समाज की बड़ी रैली में उन्होंने साफ कहा कि संयुक्त उच्च स्तरीय जांच (वन एवं राजस्व विभाग द्वारा, अधिमानत: अपर मुख्य सचिव स्तरीय) कराई जाए, जो जमीनी सत्यापन करें। राज्य स्तरीय टास्क फोर्स समिति में कोरकू समुदाय को भी प्रतिनिधित्व दिया जावे। पुन अतिक्रमण न हो इसके लिए सख्त पहरा और सतत निगरानी हो। हालिया कार्रवाई के बाद भी दुबारा टपरियां बनाकर खेती की जाने लगी है।

#### जंगल पर कब्जे की लड़ाई

जंगल पर कब्जे की लड़ाई दो हिस्सों में बंट गई है। किसी भी दिन यह खतरनाक रूप ले सकती है। अभी तक तो आदिवासी और वन विभाग में ही झड़प होती रहती थीं। अब कोरकू समाज के लोकल रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। कोरकू समाज के लोगों का आरोप है कि उन्हें जंगल आधारित उपज भी नहीं लेने दी जा रही है।

इससे वे भूखे मरने की कगार पर हैं। दूसरा वर्ग चाहता है कि कोरकू समाज के लोग जंगल छोड़कर भाग जाएं।

#### बाहरी लोगों की नई जमावट शुरू

खण्डवा जिले वन परिक्षेत्र गुड़ी की बीट भिलायीखेड़ा कक्ष क्रमांक 748 के जंगल क्षेत्र (आमाखुजरी टांडा) में बाहरी लोगों ने झोपड़ियाँ बनाकर अवैध बसाहट की गई है। पेड़ों की कटाई करके खेती शुरू की गई है और नए लोगों को भी बुलाकर जंगल में बसाया जा रहा है।

#### आदिवासी समाज के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा की जाए

जंगल बचाओ संघर्ष समिति ने अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली को पत्र लिखा है कि खंडवा जिले की भिलायीखेड़ा एवं बोरखेड़ा ग्राम पंचायतों के जंगल क्षेत्र (आमाखुजरी टांडा सहित) में बाहरी अतिक्रमणकारियों द्वारा की जा रही अवैध बसाहट एवं जंगल कटाई को तत्काल रोकने तथा कोरकू आदिवासी समाज के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा की जाए।

# 92 करोड़ में खंडवा रेल स्टेशन फिर चकाचक होगा




नवभारत न्यूज

**खंडवा। भुसावल मंडल ने खंडवा स्टेशन री-डेवलपमेंट के पहले चरण के 92 करोड़ के टेंडर जारी किए हैं। यह कामतीन चरणों में होगा । पिछले महीने जीएम के साथ मुंबई बैठक में सांसद पाटिल ने जल्द टेंडर निकालने को कहा था।**

सितंबर में तय होगा कि काम किस कराया जाए। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 347 करोड़ लागत के खंडवा स्टेशन री डेवलपमेंट की घोषणा कर वर्चुअल शिलान्यास किया था । उसके बाद रेलवे विभाग खंडवा स्टेशन की डिजाइन सहित निर्माण और टेंडर तैयार में जुट गया।

टेंडर जारी होने में देरी को देखते हुए 5 जून को सेंट्रल रेलवे जीएम धर्म वीर मीणा के साथ खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने मुंबई में मुलाकात कर खंडवा स्टेशन के पुनर्विकास कार्य को जल्द शुरू करने को कहा था इसके बाद सेंट्रल रेलवे हरकत में आया और 14 जुलाई को टेंडर जारी कर प्रकिया शुरू कर दी है 9 सितंबर को टेंडर प्रक्रिया बंद कर एजेंसी फाइनल की जाएगी।

मध्य रेल क्षेत्रीय समिति सदस्य मनोज सोनी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा रेलवे स्टेशन को आधुनिक , विकसित और रेल यात्री सुविधाओं में वृद्धि करने के लिए रेलवे स्टेशन का री डेवलपमेंट (पुनर्विकास) करने की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा सौगात दी गई थी। इंदौर स्टेशन के री डेवलपमेंट का कार्य पिछले दिनों में शुरू कर दिया है ।

वैसे ही आगामी 2028 में उज्जैन में आयोजित सिंहस्थ को देखते हुए खंडवा में यात्रियों की भीड़ बढ़ेगी उसको देखते हुए लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का खंडवा जिले में स्थित ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग भी आना जाना होगा उनकी सुविधाओं के लिए खंडवा स्टेशन का विकास और विस्तार कार्य कर पर्याप्त आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए खंडवा स्टेशन का री डेवलपमेंट किया जाएगा। भुसावल मंडल के गति शक्ति यूनिट द्वारा ये पुनर्विकास कार्य किया जाएगा ।

#### पहले चरण में स्टेशन का फ्रंट एरिया विकसित होगा

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण और एजेंसी तय होते ही दीपावली के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जारी टेंडर में उल्लेख है कि पहले चरण के कार्य को 92 करोड़ राशि की लागत से 24 माह में पूरा करने की सीमा है। पहले चरण में स्टेशन का फ्रंट एरिया को विकसित करने सहित ग्राउंड फ्लोर के साथ 3 मंजिला स्टेशन बिल्डिंग बनाया जाएगा तथा प्लेटफार्म नंबर 1 से 6 तक नया फूट ओवर ब्रिज बनाएंगे जिसपर वेटिंग एरिया ,शॉपिंग एरिया, स्टॉल बनाएंगे।

# हरियाली अमावस्या पर 50 हजार श्रद्धालु पहुंचे तीर्थ नगरी



नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर। श्रावण मास की अमावस्या को हरियाली अमावस्या कहा जाता है। श्रावण मास और हरियाली अमावस्या के शुभ संयोग पर लगभग 50 हजार से अधिक श्रद्धालु तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर पहुंचे।**

शहरी क्षेत्र के श्रद्धालुओं की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु अधिक संख्या में तीर्थ क्षेत्र पहुंचते हैं। खरगोन, धार, हरदा, इंदौर शाजापुर, शुजालपुर, होशंगाबाद, रायसेन आदि जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान कर ओमकार पर्वत परिक्रमा कर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पर जल अर्पित कर पुण्य लाभ कमाने पहुंचते हैं।

सुबह से ही घाटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई । ओंकार पर्वत परिक्रमा के ऋण मुक्तेश्वर मंदिर, गोरी सोमनाथ ,सिद्धनाथ मंदिर में भी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही । परिक्रमा मार्ग संगम घाट पर देर शाम तक श्रद्धालु स्नान करते रहे । इस दिन अनुकूल बारिश और अच्छी फसल के लिए भगवान शिव का आशीर्वाद लेने के लिए पूजन अर्चन किया जाता है ।

# सद्भावना मंच का आयोजन



नवभारत न्यूज

**खंडवा। आवारा हूँ या गर्दिश में आसमान का तारा हूँ, मेरा जूता है जापानी फिर भी है दिल है हिन्दुस्तानी... , आदमी हूँ आदमी से प्यार करता हूं..,मुबारक हो सबको समां ये.., सुहानी चाँदनी रातें हमें सोने नहीं देती... आदि जैसे दर्द भरे गीतों ने हिन्दुस्तान ही नहीं विदेशों में भी धूम मचाने वाले पार्श्व गायक स्वर मुकेश को जन्मदिन पर सद्भावना मंच के सुर साधकों ने कराओके के माध्यम से गीतों को गुनगुना कर याद किया।**

इस मौके पर मालीकुआं स्थित मंच कार्यालय पर संस्थापक प्रमोद जैन एवं उपस्थित सदस्यों व्दारा मुकेश जी के चित्र पर माल्यार्पण की गई।

इस संगीत महफिल पर मंच के स्वर साधकों ने स्व. मुकेश जी के अनेक गीतों को अपने स्वर से कराओके के माध्यम से गाकर वातावरण को सजीव कर दिया। इस मौके पर संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डा. जगदीशचंद्र चौरे, सुरेंद्र गीते, ओम पिल्ले, गणेश भावसार, एनके दवे, राधेश्याम शाक्य, अशोक पारवानी, निर्मल मंगवानी, मुरली कोडवानी, राजेश पोरपंथ, अर्जुन बुंदेला, दिलीप गंगराडे, मनीष गुप्ता, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा, सुरेश मालवीय आदि सदस्यों ने गीतों को गाकर याद किया।

# अवैध रूप से गौवंश परिवहन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया

नवभारत न्यूज

**खंडवा। थाना नर्मदानगर पुलिस द्वारा अवैध रूप से गौवंश परिवहन करने वाले पिकअप वाहन सहित 04 नग गौवंश को किया जप्त एवं 01 आरोपी को गिरफ्तार किया।**

दिनांक 24.07.25 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक सफेद रंग की पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 10 ए 9048 में अवैध गौवंश को ठूस ठूस कर भरकर वध हेतु सतवास से सनावद तरफ आ रही है, उक्त सूचना पर विश्वास कर पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक खंडवा (देहात) राजेश रघुवंशी व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मूंदी मनोहर गवली के मार्गदर्शन मे थाना नर्मदानगर पुलिस टीम द्वारा घेराबदी कर उक्त वाहन क्रमांक एमपी 10 ए 9048 को सतवास पुनासा मार्ग पर रोका गया । वाहन को चेक करने पर उसमें 04 गौवंश जिसमें 01 बैल व 03 कैडे पाये गये जिनके पैर व मुंह क्रूरता पूर्वक बधे हुए थे। वाहन चालक मौका देखकर भागने मे सफल हुआ किन्तु वाहन में बैठे अन्य आरोपी गजराज पिता कुन्जीलाल हरिजन उम्र 50 साल निवासी गोलपुरा थाना सतवास जिला देवास को अभिरक्षा मे लिया गया।

जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा अन्य आरोपी वाहन चालक महेश पिता नाथुराम तेली निवासी सुभाषचंद्र बोस कालोनी सतवास जिला देवास के साथ उक्त गौवंश को वध हेतु सनावद तरफ ले जाना बताया। घटना में प्रयुक्त वाहन पिकअप क्रमांक एमपी 10 ए 9048 नग गौवंश को विधिवत जप्त कर आरोपी गजराज पिता कुन्जीलाल निवासी सतवास को गिरफ्तार किया गया ।

प्रकरण में अप.क्र. 180/25 धारा 4,6,9 म.प्र. गौवश अधि. एवं 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को दिनांक 24.07.25 को न्यायालय के यहाँ पेश किया गया।

#### सराहनीय भूमिका

उक्त कार्रवाई में उनि. अशोक नरगांवे, प्र.आर. 170 लखनलाल एरवाल, आर. 632 शशिकांत डाबर की सराहनीय भूमिका रही।

# छात्रावासों व आश्रमों में विद्यार्थियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**खालवा । जिले के छात्रावासों व आश्रमों में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण व जांच कर उपचार किया जा रहा है।**

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बुधवार को विकासखण्ड खालवा के ग्राम संदलपुर के कन्या शिक्षा परिसर में 163 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनके खून की जांच की गई और उन्हें दवाई वितरित की गयी।

इसके अलावा ग्राम गोलखेड़ा आश्रम एवं ग्राम कालमुखी में बालक छात्रावास में भी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नियमित रुप से प्रति मंगलवार आयरन की गोली खाने के लिए कहा गया। वर्षाकाल में संक्रामक बीमारियों के अलावा मच्छरों से मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियां तेजी से फैलती हैं। इसलिए बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण छात्रावास व आश्रमों में किया जा रहा है।



**निरीक्षण** विद्यार्थियों के भोजन,पानी,स्वास्थ्य,सुरक्षा आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

# अधिकारियों ने किया छात्रावासों व आश्रमों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** इंदौर संभाग के कमिश्नर दीपक सिंह ने संभाग के सभी जिलों के सभी छात्रावास और आश्रमों का निरीक्षण कर वहां निवासरत विद्यार्थियों के भोजन,पानी, स्वास्थ्य,सुरक्षा तथा शिक्षा व्यवस्था आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं।

इसी क्रम में गुरूवार को अपर कलेक्टर अरविंद चौहान ने खंडवा शहर स्थित अनुसूचित जनजातीय महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास, अनुसूचित जनजातीय सीनियर कन्या छात्रावास, अनुसूचित जातीय कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया।



साथ ही उन्होंने छैगांवमाखन के कन्या छात्रावास सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास,सीनियर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास तथा विमुक्त जाति व पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास का निरीक्षण कर अधीक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायें। इसी क्रम में एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति ने गुरूवार को ग्राम खुटलाकला एवं बांगरदा के बालक छात्रावासों का निरीक्षण किया। इसके अलावा एसडीएम हरसूद पुरूषोत्तम कुमार ने खालवा विकासखंड के ग्राम जामनी गुर्जर के कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण किया। तहसीलदार महेश सोलंकी ने ग्राम नहालदा स्थित बालक आश्रम का निरीक्षण किया।

# एक पेड़ मां के नाम



नवभारत न्यूज

**मून्दी। ओंकारेश्वर प्रवास के दौरान प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा नर्मदा नगर ग्राम पंचायत पधारे उनका स्वागत किया गया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम आमव त्रिवेणी का पौधा लगाया।**

इस अवसर पर विधायक नारायण पटेल, सरपंच महेश जयसवाल, मंडल अध्यक्ष प्रदीप गिरी, नगर परिषद अध्यक्ष पुनासा रूपेश पवार एवं दीपक पटेल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थें ।